कैंसर के इलाज में विकिरण जीव विज्ञान आज की अहम जरूरत : शेखावत

बीकानेर,(कासं)। डूंगर महाविद्यालय परिसर में आज से दो दिवसीय शैक्षिक महाकुंभ का आगाज आज केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के उद्बोधन के साथ प्रारंभ हुआ।

प्रताप सभागार में हो रहे इस आयोजन में देश विदेश के विकिरण वैज्ञानिक, कैंसर विशेषज्ञ के साथ-साथ रेडियोथेरेपिस्ट और युवा शोधार्थी भारी संख्या में जुड़े हैं। आयोजन में 200 से अधिक पंजीकरण हुए हैं। डूंगर कॉलेज और आईएसआरबी के संयुक्त प्रयासों से अब तक नौ आयोजन हो चुके हैं। जिनमें यह तीसरी अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस है जिसका आयोजन डूंगर महाविद्यालय के सहकार में हो रहा है। इस अवसर पर केन्द्रीय कला एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि शिक्षा और शोध समाज निर्माण के सबसे मजबूत आधार है। कैंसर हमारे समय की सबसे बड़ी समस्याओं में अग्रणी है।

अत: इस तरह के आयोजन हमारा सामाजिक दायित्व है। राजकीय डूंगर कॉलेज और सहयोगी संस्थान अपने कर्तव्यों का भली भांति पालन कर रहे हैं। आने वाले समय में इन आयोजनों से समाज को इस तरह की समस्याओं से निपटने की दिशा मिलेगी। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर राजेन्द्र पुरोहित ने मंत्री शेखावत का अभिनंदन करते हुए संस्था के प्रति सहयोग और मार्गदर्शन के लिए आभार जताया। कार्यक्रम में विधायक जेठानंद व्यास, मनोज दीक्षित, कुलपति महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर, पुष्पेंद्र सिंह शेखावत, सहायक निदेशक कॉलेज शिक्षा, डॉ नीति शर्मा, निदेशक आचार्य तुलसी कैंसर रिसर्च केन्द्र बीकानेर के साथ प्राणिशास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ प्रताप सिंह सहित देश विदेश से आए विशिष्ट व्यक्तियों का मंच पर राजस्थानी परंपरा से स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर इस आयोजन की संयोजक डॉ अर्चना पुरोहित ने स्वागत भाषण दिया और दो दिन के कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। प्राचार्य प्रो. राजेन्द्र पुरोहित ने इस आयोजन के महत्व और गरिमा पर अपना उद्बोधन देते हुए इसे नगर सहित प्रदेश की उपलब्धि बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि इस आयोजन से आने वाले परिणामों से इस भयानक रोग से सामना करने हमारी शक्ति में इजाफा होगा।

अपने उद्बोधन में विधायक जेठानंद व्यास ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को दिशा देने वाले होते हैं। प्रबुद्ध वर्ग का यह चिंतन व्यापक समाज के लिए फलदायी साबित होगा।

सहायक निदेशक कॉलेज शिक्षा शेखावत ने कहा कि हमें अपनी औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त होकर विश्व स्तरीय अनुसंधान की राह पर आगे बढ़ने में अपनी गति और मति का सम्यक उपयोग करना होगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो. मनोज दीक्षित ने कहा कि कैंसर आज मानवता के लिए बड़ा खतरा है। मुझे खुशी है कि हमारा परिवार इसे लेकर सचेत और सजग है। उन्होंने देशी खान पान और जीवन शैली के प्रति जागरूकता के पक्ष को उस आयोजन का बहुत ही सक्षम पक्ष बताया।

डूंगर कॉलेज में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन करते विधायक जेठानंद व्यास व कुलगुरू मनोज दीक्षित।

■ अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में देश विदेश के विकिरण वैज्ञानिक, कैंसर विशेषज्ञ के साथ-साथ रेडियोथेरेपिस्ट और युवा शोधार्थी भारी संख्या में जुड़े

इनामी महिला तस्कर लुधियाना से गिरफ्तार

बीकानेर,(कासं)। खाजूवाला पुलिस ने एक महिला को पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार कर लिया है।

महिला पर दस हजार रूपए का इनाम है और खाजूवाला के साथ ही रावला मं भी उस पर नशे का सामान बेचने का मामला दर्ज है। आरोपी महिला खाजूवाला और रावला थाना में दर्ज नशा तस्करी के मामलों में फरार चल रही थी। लुधियाना जेल में बंद महिला को प्रोडक्शन वारंट पर बीकानेर लाकर कोर्ट में पेश किया गया जहां से दो दिन का पुलिस रिमांड मंजूर हुआ। बीकानेर जिले की खाजूवाला पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए शातिर महिला तस्कर सुखविंद्र कौर उर्फ परमजीत कौर उर्फ पम्मी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी पर 10 हजार रूपए का इनाम घोषित था और वह लम्बे समय से फरार थी। खाजूवाला एसएचओ सुरेन्द्र प्रजापत ने बताया कि 10 अप्रैल 2024 को आरोपी महिला के खिलाफ खाजूवाला थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। इसके अलावा रावला थाना क्षेत्र में भी वह चिट्टा सप्लायर के रूप में वांछित थी। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी महिला पंजाब के लुधियाना में रह रही है। खाजूवाला पुलिस ने लुधियाना जेल से उसे प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार करके बीकानेर लाया गया।

सार-समाचार

एसआईआर को लेकर कलेक्टर से मिले

एसआईआर को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि से देहात कांगेस अध्यक्ष बिशनाराम सियाग के नेतृत्व में मिले।

बीकानेर, (कासं)। जिला कांग्रेस कमेटी देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने जिला कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी से मिलकर 16 जनवरी को दिये गये ज्ञापन में वर्णित मांगों की क्रियान्विती तथा जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया में बिना किसी ठोस कारण एवं विवरण के बड़ी संख्या में फॉर्म-7 जमा किये जाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की। इस पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने आश्वासन दिया कि एक भी जायज वोट कटने नहीं दिया जायेगा तथा कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्रों के ईआरओ को जांच का निर्देश दे दिया गया हैं। सियाग ने कहा कि फॉर्म- 6, 7, 8 की संकलित सूचियां उपलब्ध करवाई जाए। विशेषकर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जमा की गई फॉर्म न. 7 की सूचियों की प्रतियां उपलब्ध कराई जाए। साथ ही फर्जी व जाली हस्ताक्षर करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए। वोट काटे जाने की मंशा से जमा किए फार्मों की हैण्डराइटिंग व जाली/फर्जी हस्ताक्षरों की जांच की जाए। प्रतिनिधि मण्डल में जिला महासचिव (संगठन) प्रहलादसिंह मार्शल, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण गोदारा, प्रवक्ता पूनमचंद भाम्भू सहित अनेक पदाधिकारि शामिल थे।

कुछ पोस्टरों में गहलोत का फोटो नहीं होना चर्चा का विषय रहा

बीकानेर, (कासं)। सोमवार को यूथ कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ संग्राम यात्रा के तहत कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया। यूथ कांग्रेस के मनरेगा बचाओ संग्राम विरोध प्रदर्शन के पोस्टर में प्रदर्शन स्थल पर लगाये गए पोस्टरों में पूर्व उपमुख्यमंत्री और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सचिन पायलट के बड़े फोटो प्रमुखता से नजर आए। जबकि कई पोस्टरों में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का फोटो नहीं दिखा। कैमरों का फोकस भी इन्हीं पोस्टरों पर रहा। कई पोस्टरों में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का फोटो नजर नहीं आया जिसे लेकर मौके पर चर्चा शुरू हो गई। यूथ कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक अभिमन्यु पूनिया से पोस्टरों को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने मुस्कुराते हुए जवाब देने से बचते हुए कहा कि कांग्रेस पूरी तरह एकजुट है। यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष भंवर कूकणा ने कहा कि इतने बड़े प्रदर्शन में कई नेताओं ने अपने-अपने व्यक्तिगत पोस्टर बनवाए थे। उन्होंने बताया कि यूथ कांग्रेस के मुख्य पोस्टर में सभी बड़े नेताओं के फोटो लगाये गए थे, जिस एक होर्डिंग पर अशोक गहलोत का फोटो नहीं दिखा, उसमें यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव रमेश भादू का बड़ा फोटो लगा था। उस होर्डिंग में कूकणा समेत अन्य यूथ कांग्रेस नेताओं के फोटो भी थे, लेकिन अशोक गहलोत का फोटो नहीं था। इसे लेकर राजनीतिक हल्कों में चर्चाएं होती रही। गांधी पार्क से कलेक्ट्रेट तक करीब आधा किलोमीटर का पैदल मार्च निकाला गया। कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और एडीएम सिटी रमेश देव को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान देहात कांग्रेस अध्यक्ष बिशनाराम सियाग, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष भंवर कूकणा, प्रेमरतन जोशी, अजय हल्दुनिया, बीकानेर प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष पूजा भार्गव, विक्की चड्ढा, पूनम भाम्भू, कृष्ण गोदारा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

ओलंपिक सावा पोस्टर का विमोचन

बीकानेर, (कासं)। दस फरवरी को होने वाले पुष्करणा ब्राह्मण समाज के ओलंपिक सावे के दौरान इस वर्ष नवयुगल चन्द्रशेखर उमा के नाम से दाम्पत्य सूत्र में बंधेंगे। रमक झमक द्वारा सोमवार को बारहगुवाड़ स्थित कार्यालय में इसके पोस्टर का विमोचन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए समाजसेवी राजेश चूरा ने कहा कि पुष्करणा ब्राह्मण समाज का सामूहिक सावा सदियों पुरानी समृद्ध परंपरा है, जो कि सादगी और मितव्ययता की मिसाल है। आज के दौर में यह अत्यंत प्रासंगिक है। रमक झमक ने सावा संस्कृति को न केवल जीवंत रखा है। शिक्षाविद् श्रीरामजी व्यास ने कहा कि पुष्करणा ब्राह्मण समाज का ओलंपिक सावा देशभर में विख्यात है। विभिन्न क्षेत्रों के लोग इसे देखने बीकानेर आते हैं। कर्मचारी नेता भंवर पुरोहित ने कहा कि आज दूसरे समाज हमारी इस परम्परा से प्रेरणा लेकर सामूहिक विवाह कर रहे हैं।

फिर लौटी सर्द हवाओं से कड़ाके की ठंड, गांवों में कोहरा का कहर

बीकानेर, (कासं)। सोमवार सुबह शहर में जहां हल्का कोहरा देखने को मिला। ग्रामीण क्षेत्रों में विजिबिलिटी लगभग शून्य रही। कोहरे से नेशनल हाईवे पर वाहनों के पहिये थम गए। हालांकि शहर में विजिबिलिटी अच्छी खासी रही और यातायात पर कोई खास असर नहीं पड़ा। पिछले दो दिनों से तापमान में आई बढ़ोतरी के बाद रविवार रात से सर्द हवाओं ने एक बार फिर कड़ाके की सर्दी का अहसास करा दिया। लूणकरनसर में भी घना कोहरा छाया रहा।

ठंड को देखते हुए जिला कलेक्टर ने स्कूलों के समय में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया है। स्कूलों का संचालन अभी भी सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक ही किया जा रहा है। बीकानेर के जयपुर बाइपास एरिया पर ही भारी कोहरा रहा। बाइपास चौराहे से रायसर की तरफ घना कोहरा होने से भारी वाहन सड़क किनारे खड़े हो गए। वहीं कार इत्यादि की स्पीड बहुत कम रही। भाजपा आईटी संयोजक कोजूराम सारस्वत ने बताया कि कोहरा इतना घना रहा कि आगे कुछ भी दिखाई नहीं दिया। वाहनों की हैडलाइट्स दिन में भी ऑन रही। स्पीड दस-बीस से ज्यादा नहीं रखी गई।

लूणकरनसर में साढ़े नौ बजे तक घना कोहरा छाया रहा। यहां भी नेशनल हाईवे के आसपास वाहन खड़े रहे। कस्बे में हाईवे के पास लोग अपने वाहन रोककर चाय की चुस्कियां लेते नजर आए। वहीं कुछ वाहन चालक अलाव तापते हुए कोहरे के छंटने का इंतजार करते रहे। बीते चार-पांच दिनों के तापमान पर नजर डालें तो बीकानेर में मौसम लगातार बदलता रहा है। सप्ताह की शुरूआत में दिन का तापमान 22 से 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ था। जबकि न्यूनतम तापमान 7 से 8 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया। इसके बाद धीरे-धीरे अधिकतम तापमान बढ़कर रविवार तक 24 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया और न्यूनतम तापमान भी 10.1 डिग्री सेल्सियस पर आ गया।

हालांकि रविवार रात से सोमवार तड़के के बीच तापमान में एक बार फिर गिरावट दर्ज की गई। सर्द हवाएं चलने से ठिठुरन बढ़ी लेकिन राहत की बात यह है कि सामान्य सर्द दिनों की तुलना में तापमान अब भी 2 से 3 डिग्री सेल्सियस अधिक बना हुआ है। सोमवार को सुबह हल्का कोहरा रहा, लेकिन धूप निकलने के साथ ही मौसम साफ होने लगा। ठंडी हवाओं के कारण सुबह और रात में सर्दी का असर ज्यादा महसूस हुआ। जबकि दिन में धूप से कुछ राहत रही। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अगले कुछ दिनों तक बीकानेर में मौसम ऐसा ही बना रह सकता है। रात के तापमान में हल्की गिरावट और दिन में हल्की बढ़ोतरी के संकेत हैं। सुबह के समय कहीं-कहीं हल्का कोहरा बना रह सकता है। जबकि सर्द हवाएं कड़ाके की ठंड का अहसास कराती रहेंगी। फिलहाल किसी बड़े पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के संकेत नहीं हैं, इसलिए मौसम में अचानक बड़े बदलाव की संभावना कम है।

■ लूणकरनसर में साढ़े नौ बजे तक घना कोहरा छाया रहा, यहां भी नेशनल हाईवे के आसपास वाहन खड़े रहे

बस में महिला से छेड़छाड़ का मामला दर्ज

बज्जू, (कासं)। बज्जू थाना क्षेत्र में एक महिला ने बस में सफर के दौरान छेड़छाड़, पर्स छीनने और जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने गौडू निवासी आरोपी श्रवण कुमार डेलू के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बज्जू थानाधिकारी जगदीश प्रसाद ने बताया कि महिला ने अपनी शिकायत में कहा है कि वह बीकानेर से गौडू जाने वाली बस में बैठी थी। इसी दौरान गौडू गांव का ही एक व्यक्ति उसके पास आकर बैठ गया। कुछ देर बाद उसने महिला के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। महिला के विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी और उसका लेडीज पर्स निकाल लिया। जब महिला अपनी सीट से उठकर दूसरी जगह जाने लगी तो आरोपी ने उसे जबरन पकड़ लिया। आसपास की सवारियों ने बीच-बचाव कर महिला को आरोपी से छुड़ाया। बस से उतरने के बाद आरोपी ने महिला का घर तक पीछा किया। महिला ने बताया कि उसके पति बाहर नौकरी करते हैं और उन्हें छुट्टी न मिलने के कारण पुलिस थाने आने में देरी हुई।

करणी माता मंदिर से दो छत्र व नकदी चोरी

बीकानेर, (कासं)। लगातार मंदिर चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। शहर और गांवों में रोज पुलिस गश्त के दावों के बीच चोर सक्रिय हैं।

बीते कुछ दिनों में लूणकरनसर, श्रीडूंगरगढ़ और बीकानेर शहर के मंदिरों को निशाना बनाया गया जहां छत्र, नकदी और अन्य सामान चोरी हुआ। पुलिस ने सभी मामलों में जांच शुरू कर दी है। बीकानेर शहर में सूरसागर के पास स्थित करणी माता मंदिर में चोरी की वारदात हुई। मंदिर के पुजारी कृष्ण मुरारी मिश्रा ने सदर थाना पुलिस को बताया कि शनिवार रात साढ़े 9 बजे से रविवार सुबह साढ़े छह बजे के बीच चोर मंदिर में घुसे। यहां से चांदी के दो छत्र चोरी हुए, जिनकी कीमत करीब 20 हजार रूपए बताई गई है। इसके अलावा मंदिर से 3 हजार रूपए नकद भी चोरी हो गए।

वहीं श्रीडूंगरगढ़ के कालका माता मिंगसरिया मंदिर में भी चोरी हुई। मंदिर पुजारी गोपालाराम शर्मा ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि चोर रात के समय मंदिर में घुस गए। यहां से चांदी के पांच छत्र चोरी हुए जिनकी कीमत लाखों रूपए आंकी जा रही है। चोर कमरे में रखा राशन का सामान भी ले गए। इसमें 24 लीटर तेल के दो कार्टन शामिल हैं। इसके साथ ही मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे का वीसीआर भी चोर अपने साथ ले गए।

लूणकरनसर में पिछले करीब एक सप्ताह में तीसरे मंदिर में चोरी का मामला दर्ज हुआ है। बीते लगभग 10 दिनों में यहां कई मंदिरों को निशाना बनाया गया। सबसे ताजा मामले में एक ही रात में दो अलग-अलग मंदिरों के ताले तोड़कर नकदी और कीमती सामान चोरी किया गया। लूणकरनसर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 36 स्थित ब्राह्मणी माता मंदिर और वार्ड 31 स्थित सती दादी मंदिर में चोरी हुई। दोनों मंदिरों से छत्र चोरी किए गए हैं।

■ लूणकरनसर, श्रीडूंगरगढ़ और बीकानेर शहर के मंदिरों से छत्र, नकदी और अन्य सामान चोरी की घटनाएं बढ़ी

पीबीएम में रेटिना सर्जरी यूनिट की तैयारी

बीकानेर, (कासं)। आंखों के अंदर पृष्ठ भाग में स्थित रेटिना और उससे जुड़ी आप्टिक नर्व में समस्या का इलाज अब यहीं मिल सकेगा।

पीबीएम हॉस्पिटल के नेत्र रोग विभाग के आउटडोर में रोज इस बीमारी से पीड़ित करीब 50 मरीज पहुंच रहे हैं, जिनका इंजेक्शन से उपचार यहीं पर शुरू कर दिया गया है। तीन महीने बाद रेटिना सर्जरी भी शुरू हो जायेगी। उसके बाद इन मरीजों को जयपुर, दिल्ली, चंडीगढ़ या अहमदाबाद नहीं जाना पड़ेगा। पीबीएम हॉस्पिटल के नेत्ररोग विभाग में विट्रियो रेटिना सर्जरी की यूनिट स्थापित करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए मुख्यमंत्री ने बजट में पांच करोड़ रूपए देने की घोषणा की थी। मॉड्यूलर ओटी का काम शुरू हो चुका है। उपकरणों की खरीद के टेंडर कर दिए गए हैं। आगामी तीन महीने में सर्जरी शुरू हो जायेगी। लंदन से रेटिना सर्जरी में एमसीएच करके लौटीं प्रोफेसर डॉ. शिल्पी कोचर को यूनिट का इंचार्ज बनाया गया है। सरकारी क्षेत्र में जयपुर एसएमएस के बाद प्रदेश में बीकानेर का पीबीएम हॉस्पिटल दूसरा होगा जहां रेटिना सर्जरी की सुविधा होगी। बीकानेर के लिए सुखद बाद ये है कि डॉ. शिल्पी कोचर प्रदेश के नेत्र रोग विशेषज्ञों में एक मात्र सुपर स्पेशियलिटी डिग्री एमसीएच (मास्टर ऑफ सर्जरी) है। विट्रेक्टोमी एक शल्य प्रक्रिया है जिसका उपयोग रेटिना की विभिन्न स्थितियों के उपचार के लिए आंख से विट्रियस जैल को निकालने के लिए किया जाता है। विट्रियस एक पारदर्शी जैल जैसा पदार्थ होता है जो आंख के मध्य भाग को भरता है और उसके आकार को बनाए रखने में मदद करता है।

■ प्रदेश में बीकानेर का पीबीएम हॉस्पिटल दूसरा होगा जहां रेटिना सर्जरी की सुविधा होगी

मूंगफली से भरा ट्रेलर पलटा

जसरासर, (कासं)। जसरासर-नोखा रोड पर साधासर फांटा के पास देर रात करीब 12 बजे मूंगफली से भरा एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में चालक को मामूली चोटें आई लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार ट्रेलर साधासर की ओर से आ रहा था और कातर की तरफ मुड़ते समय तेज गति के कारण अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। ट्रेलर सड़क से नीचे उतर गया। घटना की सूचना मिलते ही जीव प्रेमी टीम और स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने राहत कार्य में सहयोग किया और मूंगफली को दूसरी गाड़ी में भरवाने का इंतजाम किया। यह ट्रेलर रासीसर का बताया जा रहा है। रात का समय होने के कारण सड़क पर आवागमन कम था, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

रेगिस्तानी धोरों में बाल विवाह के विरूद्ध जागरूकता की आवाज ऊठी

बीकानेर,(कासं)। अजित फाउण्डेशन एवं उरमूल सीमान्त समीति बज्जू के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय नाटक एवं भजन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

बज्जू में स्थित उरमूल सीमान्त संस्थान में किशोरी बालिकाओं को बाल विवाह एवं मोबाइल का चक्रव्यूह नाटक तैयार करवाये गए तथा उनका मंचन भी किया गया। बाल विवाह पर केन्द्रित नाटक वरिष्ठ बाल साहित्यकार दीनदयाल उपाध्याय, हनुमानगढ़ द्वारा कृत था तथा मोबाइल का चक्रव्यूह नाटक संजय श्रीमाली द्वारा कृत था।

नाटक का निर्देशन करते हुए संजय श्रीमाली ने बताया कि नाट्य के द्वारा हम अपनी बात बहुत ही सरल एवं सहजता से संप्रेषण कर सकते है। नाटक सीधा दर्शकों के मन को छूता है जिससे वह नाटक के साथ आत्मसात होते हैं। इस अवसर पर विशेष आमंत्रित सामाजिक कार्यकर्ता सुशीला ओझा ने कहा कि हमें सामाजिक मुद्दों को उठाना चाहिए। इसके लिए माध्यम कुछ भी हो सकता है। हमारे छोटे-छोटे प्रयासों से ही हम समाज में अपना योगदान दे सकते हैं। 'सहेली की सहायता' नाटक बाल विवाह पर केन्द्रित था जिसमें दो सहेलियां आपसी जागरूकता के माध्यम से बाल विवाह को रोकती है तथा इस सामाजिक कुरीति को बंद करने का आव्हान करती है। 'मोबाइल का चक्रव्यूह' नाटक वर्तमान में सोशल मीडिया एवं बच्चों में मोबाइल की लत पर आधारित था। नाटक में बताया गया कि किस प्रकार मोबाइल ने हम सबको जकड़ रखा है तथा मोबाइल से हम किस प्रकार दूर रह सकते हैं। उसके बारे में भी बताया गया। दोनों नाटकों में सभी पात्र किशोरी बालिकाएं रही तथा सभी पात्रों ने बहुत ही मंजे हुए ढंग से किरदार निभाये। तथा उनके डायलॉग सम्प्रेषण की सभी ने तारीफ की। मीरा, कबीर के भजन पर कार्यशाला कार्यक्रम में दूसरी ओर सुनिता श्रीमाली द्वारा मीरा के भजन, कबीर वाणी, गज़ल आदि किशोरी बालिकाओं को गायकी के बारे में बताया तथा उनसे निरन्तर अभ्यास करवा कर भजन तथा कबीर वाणी गायन हेतु प्रेरित किया। सुनिता श्रीमाली ने इस अवसर पर भक्ति संध्या का आयोजन कर सामूहिक भजन एवं गीतों से समां बांध दिया।

बज्जू में स्थित उरमूल सीमान्त संस्थान में किशोरी बालिकाओं ने बाल विवाह एवं मोबाइल का चक्रव्यूह नाटक का मंचन किया।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक : भू.वि./2025-26/राजकाज रेफरेंस नं. 19955405 दिनांक : 18.01.2026
उजरदारी
नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर की राजीव गांधी व्यावसायिक योजना (मुरब्बा नं० 25) में नीलामी द्वारा आवंटित शोरूम नं. 05 माप 30'0'' गुणा 90'0'' फीट श्री ज्योति काण्डा, निदेशक कांडा एडीबल ऑयल प्रा० लि० श्रीगंगानगर को आवंटित किया जाकर दिनांक 03.05.2004 को न्यास द्वारा पट्टा जारी किया गया। श्री ज्योति काण्डा, निदेशक कांडा एडीबल ऑयल प्रा० लि० श्रीगंगानगर द्वारा जरिये पंजीकृत बैयनामें के आधार पर उक्त भूखण्ड को विक्रय कर दिया गया। श्रीमती रजनी गर्ग पत्नी श्री कृष्ण कुमार द्वारा माप 15'0'' इन्चू 90'0'' फीट एवं श्री नीरज गर्ग पुत्र श्री कृष्ण कुमार निवासी 1-जी-48, जवाहर नगर, श्रीगंगानगर द्वारा माप 15'0'' इन्चू 90'0'' फीट क्षेत्रफल माप 30'0'' गुणा 90'0'' फीट क्रय किया गया। श्रीमती रजनी गर्ग एवं श्री नीरज गर्ग द्वारा पंजीकृत बैयनामे, शपथ पत्र की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड का संयुक्त नाम से फ्री होल्ड पट्टा जारी करने हेतु निवेदन किया है। यह उजरदारी साचा करते हुए हर आम व खास, हितबद्ध को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के सामने खाँचा भूमि के संबंध में किसी को कोई एतराज हो तो उजरदारी प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस में मय सबूत न्यास कार्यालय (भूमि विक्रय शाखा) में प्रस्तुत करें। समयावधि व्यतीत होने के बाद कोई उजर मान्य नहीं होगा एवं न्यास कार्यालय द्वारा नियमानुसार फ्री होल्ड पट्टा श्रीमती रजनी गर्ग एवं श्री नीरज गर्ग निवासी 1-जी-48, जवाहर नगर, श्रीगंगानगर के नाम से जारी कर दिया जावेगा।
- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक : नियमन/2026/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 18-1-2026
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा चक 4 एमएल मुरब्बा नं. 01 के किला नं. 24, 25 में माप 30 इन्चू 60 फीट भूखण्ड सख्या बी-14, विद्यादीप विहार, श्रीगंगानगर का पटटा संख्या 4837 दिनांक 17.08.2007 को श्री मन्न अग्रोड़ा पुत्र श्री सतीश अग्रोड़ा के नाम से जारी किया हुआ है। श्रीमती प्रतिभा शर्मा पत्नी श्री पूर्ण चन्द शर्मा निवासी 39 ए, महावीर इन्टरनेशनल कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 05.01.2026 के द्वारा क्रय कर अपने स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पटटा एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर भूखण्ड का फ्री होल्ड पटटा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अत: उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। RajKaj Ref No.: 19958861 -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक : नियमन/2026/5104 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 19-1-2026
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में स्थित भूखण्ड वाके चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं.20 के किला नं. 25 में भूखण्ड संख्या का माप 20'-0''गुणा 30'-0''फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री संजीव कुमार आनन्द पुत्र श्री हर भगवान निवासी 2502 अग्रसेन नगर, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अत: उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरी नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री संजीव कुमार आनन्द पुत्र श्री हर भगवान निवासी 2502 अग्रसेन नगर, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 20 के किला नं. 25 में भूखण्ड संख्या का माप 20'-0''गुणा 30'-0''फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/ पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वत: ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 18.01.2026
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 13 के किला नं. 1, 2 में माप 75 इन्चू 40.9 फीट, श्रीगंगानगर का पटटा संख्या 17793 दिनांक 28.12.2022 को श्रीमती ममता रानी पत्नी श्री नरेश कुमार के नाम से जारी किया हुआ है। श्री राजपाल पपनेजा पुत्र श्री कश्मीरी लाल एवं श्री अंकित पपनेजा पुत्र श्री राजपाल पपनेजा निवासी 13 मॉडल टाउन प्रथम, श्रीगंगानगर द्वारा उक्त भूखण्ड में से माप 37.6 इन्चू 40.9 फीट भाग को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 04.06.2025 के द्वारा क्रय कर अपने स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पटटा एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर भूखण्ड का फ्री होल्ड पटटा पटटा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अत: उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। RajKaj Ref. No. 19962549 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्र. :- नियमन/2025/ RajKaj Ref. No. 19977844 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 18.01.2026
श्री शोभाराम पुत्र श्री दुलीचन्